उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से 02 अवैध पिस्टल एवं 07 अवैध कारतूस किये गये बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अवैध शस्त्रों के निर्माण एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाये जाने के उद्धेश्य से अवैध शस्त्र धारक अपराधियों की सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध तमंचा की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान के दौरान अवैध शस्त्र/कारतूस सहित 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.धीरू सेन पुत्र राजेश सेन उम्र करीब 24 वर्ष 2.लोकनाथ उर्फ अजय चतुर्वेदी पुत्र प्रीतम प्रसाद चतुर्वेदी उम्र करीब 25 वर्ष 3.घपला प्रजापति पुत्र कल्लू प्रजापति उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम मकबरई थाना कबरई जिला महोबा को 02 अदद अवैध पिस्टल एवं 07 अदद अवैध जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ छतरपुर रोड पर 100 पाम से पहले रेलवे ओवर ब्रिज के से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान अभियुक्तों से हुई अवैध पिस्टल एवं जिन्दा कारतूस के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0सं0- 475/24, मु0अ0सं0- 476/24 व 477/24 धारा **3/25** आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण एवं बरामदगी-

1. धीरू सेन पुत्र राजेश सेन उम्र करीब 24 वर्ष के कब्जे से एक अदद पिस्टल देशी 32 बोर व दो अदद कारतूस 32 बोर जिन्दा नाजायज बरामद होना
2. लोकनाथ उर्फ अजय चतुर्वेदी पुत्र प्रीतम प्रसाद चतुर्वेदी उम्र करीब 25 वर्ष के कब्जे से एक अदद पिस्टल देशी 32 बोर व दो अदद कारतूस 32 बोर जिन्दा नाजायज बरामद होना
3. घपला प्रजापति पुत्र कल्लू प्रजापति उम्र करीब 45 वर्ष के कब्जे से तीन अदद कारतूस 32 बोर जिन्दा नाजायज बरामद होना




समस्त निवासीगण ग्राम मकबरई थाना कबरई जिला महोबा

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा।
2. हे0का0 करमशेर खाँ
3. का0 दीपेश कुमार
4. का0 करमवीर

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।



आज दिनांक 19.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।




पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह भी मौजूद रहीं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला बीट प्रणाली के पुनर्गठन एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये पुलिस लाइन महोबा अवस्थित सभाकक्ष में जनपद महोबा के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

जनपद महोबा के समस्त थानों में महिला बीट प्रणाली का सुदृढ़ीकरण किये जाने व महिला अपराध को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए निर्गत निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 19.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला बीट प्रणाली के पुनर्गठन एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये पुलिस लाइन महोबा अवस्थित सभाकक्ष में जनपद महोबा के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिला बीट प्रणाली को सुदृढ़ीकरण किये जाने हेतु जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों को उनकी बीट में नियमित भ्रमण एवं बीट भ्रमण के दौरान निर्दिष्ट कार्यों का समयबद्ध सम्पादन किए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान विस्तार से निर्देशित करते हुए अवगत कराया गया कि प्रत्येक थाने पर महिलाओं, बालिकाओं, युवतियों एवं बच्चों से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में उनका सम्बन्धित अभिलेखों में उचित अंकन करते हुए उनके समुचित निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में बताया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि महिला बीट पुलिस अधिकारी निरंतर अपने बीट क्षेत्र में भ्रमणकर ग्राम पंचायत भवन या ग्राम सचिवालय में महिलाओं/बालिकाओं की समस्याएं सुनेंगी। महिलाओं के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे कामों के प्रति जागरूक करेंगी। बताया कि इसका उद्देश्य सुदूर ग्रामीण अंचलों में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा एवं सुविधा के लिए कम्यूनिटी पुलिसिंग को और मजबूती प्रदान करना है।

उल्लेखनीय है कि जनपद के समस्त थानों में महिला बीट पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। यह गांवों में रहने वाली प्रतिष्ठित महिलाओं के साथ जुड कर गांव में महिला एवं घरेलू हिसा के मामलों पर निगाह रखेंगी। पुलिस लाइन सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यशाला का आयोजन कर महिला बीट पुलिस अधिकारियों को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई है। इस दौरान जनपद के सभी थानों में नियुक्त महिला बीट उ0नि0, महिला आरक्षीगण मौजूद रहीं।



जनपद के समस्त थाना प्रभारी कृपया ध्यान दें।

जनपद महोबा में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला बीट प्रणाली के पुनर्गठन एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन व महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग के लिये इस (**Mission Shakti Campaign, Mahoba Police**) ग्रुप का सृजन किया गया है। इस ग्रुप में जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा महिला बीट भ्रमण/जागरुता कार्यगक्रम से सम्बन्धित फोटोज/वीडियोज भेजे जायेगें।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने थाने में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी को इस ग्रुप में जोडे जाने हेतु इस ग्रुप का लिंक भेज दें। इस बात का विशेष ध्यान दें कि इस ग्रुप का लिंक सिर्फ महिला बीट पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को ही भेजा जाये।

उनके कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग किये जाने हेतु इस ग्रुप को बनाया गया है